तेरे रंग में रंगूंगी मेरे सावरे

तेरे रंग में रंगूंगी मेरे सावरे,
मैं तेरी थी रहूंगी तेरी सावरे ॥

तुम सूरज बनो तो बनु रौशनी,
तेरी ज्योति में आकर मिलु सावरे,
तेरे रंग में रंगूंगी मेरे सावरे,
मैं तेरी थी रहूंगी तेरी सावरे,

तुम चंदा बनो तो चकोरी बनु,
याद में तेरी तडपु मेरे सावरे,
तेरे रंग में रंगूंगी मेरे सावरे,
मैं तेरी थी रहूंगी तेरी सावरे,

तुम मोर बनो तो बनु पंख मैं,
बीच तेरे मुकुट के सजहु सावरे,
तेरे रंग में रंगूंगी मेरे सावरे,
मैं तेरी थी रहूंगी तेरी सावरे,

तुम कृष्ण बनो तो मैं मुरली बनु,
जब रास रचाओ तो बजु सावरे,
तेरे रंग में रंगूंगी मेरे सावरे,
मैं तेरी थी रहूंगी तेरी सावरे,

स्वर : अलका गोएल

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/4904/title/tere-rang-me-rangugi-mere-sanware-main-teri-thi-rahugi-teri-sanware

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |